Dated- 16.11.2022

प्रेस विज्ञप्ति

जनसंपर्क काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 16वें वैश्विक सम्मेलन में रेलटेल को सम्मानित किया गया।

सूचना के उचित प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए कॉर्पोरेट संचार अत्यंत आवश्यक है और रेलटेल सभी हितधारकों के सर्वोत्तम हित में जनसंपर्क का उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है।

****

रेल मंत्रालय के मिनी रत्न सीपीएसयू, रेलटेल ने एक बार फिर अपना गौरव तब बढ़ाया जब मीडिया और जनसंपर्क का संचलन करने वाले उसके कॉर्पोरेट संचार विभाग ने हाल ही में जनसंपर्क काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 16वें वैश्विक सम्मेलन में तीन प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते।

रेलटेल को उसके राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित की जा रही हिंदी गृह पत्रिका 'रेलटेल प्रगति' के लिए सर्वश्रेष्ठ गृह पत्रिका (क्षेत्रीय भाषा) श्रेणी में रजत पुरस्कार मिला। कंपनी को महाराष्ट्र के राजुर में सीएसआर परियोजनाओं के मीडिया अभियान के लिए सर्वश्रेष्ठ सीएसआर संचार अभियान श्रेणी में कांस्य पुरस्कार भी मिला। सुश्री सुचरिता प्रधान, सहायक महाप्रबंधक /जनसंपर्क, रेलटेल को कॉन्क्लेव में ज्यूरी चॉइस मोस्ट प्रोमिसिंग पीआर पर्सन ऑफ द ईयर चाणक्य अवार्ड से सम्मानित किया गया।
इन पुरस्कारों के बारे में बात करते हुए रेलटेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संजय कुमार ने कहा कि "सूचना का उचित प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए कॉर्पोरेट संचार अत्यंत आवश्यक है और रेलटेल सभी हितधारकों के सर्वोत्तम हित में जनसंपर्क का उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। ‘’यह खुशी की बात है कि हमारी जनसंपर्क टीम पेशेवर रूप से सक्षम है और कंपनी की ब्रांड छवि को बनाए रखने और उसकी विश्वसनीयता स्थापित करने के लिए कड़ी मेहनत करती है’’।

जनसंपर्क काउंसिल ऑफ इंडिया (पीआरसीआई) एक अखिल भारतीय संचार विनिमय मंच है जिसकी उपस्थिति 38 भारतीय शहरों और कस्बों में है। यह प्रमुख नेटवर्क पीआर, मीडिया, वाणिज्यिक और सार्वजनिक सेवा विज्ञापन, मार्कोम, संचार में अकादमिक और छात्रों को जोड़ता है।

रेलटेल के बारे में:

रेलटेल, रेल मंत्रालय के तहत एक "मिनी रत्न (श्रेणी- I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम, देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार बुनियादी ढांचे और आईसीटी समाधान और सेवा प्रदाताओं में से एक है, जिसके पास कई शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 61000+ आरकेएम के एक मजबूत विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास दो इलेक्ट्रॉनिकी

और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय(MeitY) पैनल वाले टियर III डेटा केंद्र भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न क्षेत्रों में पर समाज को ज्ञनार्जित बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है और रेलटेल को दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार के लिए विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए कार्य कर रहा है। रेलटेल एमपीएलएस वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक साथ प्रदान करता है। रेलटेल देश भर के रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई प्रदान करके रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने के लिए भारतीय रेलवे के साथ काम कर रहा है और रेलटेल के रेलवायर वाई-फाई के साथ 6105+ स्टेशन लाइव हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया देखें:

sucharita@railtelindia.com